प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा द्वारा भेजे गये वित्त विधेयक को चौथी बार किया वापस, कहा विधेयक में किये गये संशोधन और प्रावधान केंद्र सरकार के अधिकारों में है हस्तक्षेप।
2. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की याचिका में त्रुटि को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने एक लाख पच्चीस हजार रुपये भुगतान का दिया निर्देश।
3. राज्य के कई हिस्सों में आज से होगा मौसम में बदलाव, मौसम विभाग ने आंधी बारिश और वज्रपात का किया येलो अर्लट जारी।
4. खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट के तहत रांची में आज से शुरू होगा चयन शिविर, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी और तीरंदाजी के खिलाड़ी होंगे शामिल।

*****************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधान सभा द्वारा भेजे गये झारखंड वित्त विधेयक को एक बार फिर लौटा दिया है। मालूम हो कि राज्यपाल द्वारा वित विधेयक चौथी बार लौटाया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि वित विधेयक में जो संशोधन और प्रावधान रखे गये हैं वह पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप है। उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकार और विधानसभा ने जो प्रावधान तथा संशोधन किये हैं वह उनके अधिकार क्षेत्र का नहीं है।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर याचिका में बिना त्रुटि दूर किये मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करने पर एक लाख पचीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। मालूम हो कि अर्जुन मुंडा द्वारा विगत वर्ष 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई में पाया गया कि याचिका में त्रुटि को अबतक दूर नहीं किया गया हैं। इसे लेकर कोर्ट ने जुर्माना की राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोशिएसन, झारखंड हाईकोर्ट के पास जंमा करने का निर्देश दिया है।

*****************

खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कल तमाड़ क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अमलेशा, जोजोडीह, जाराडीह और खूंटी जिले के अड़की प्रखण्ड के बीसीपीड़ी के ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीएम सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास चाहते हैं। किसानों के, महिलाओं के और युवाओं के विकास से ही देश आगे बढ़ सकता है। साथ ही उन्होंने लोकसभा, विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव की जानकारी दी।

*****************

केंद्र सरकार गुणवत्तापूर्ण खाद–बीज बेचनेवाली दुकानों को किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आज से मौसम में बदलाव होगा। इसकी जानकारी देते हुए मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक आंधी बारिश के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। कहा गया है कि मौसम में बदलाव का मुख्य कारण राज्य में बंगाल की खाड़ी से होकर आ रही दक्षिण पूर्व की हवा है। विभाग के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ ही अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। इस दौरान बारिश के साथ हवा की रफतार तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे या

इससे अधिक भी हो सकती है। मालूम हो कि पिछले दिनों राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव के कारण तापमान काफी बढ़ गया था।

******************

रांची के नयासराय स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम ने शनिवार को तेरहवां दीक्षांत समारोह मनाया। इस मौके पर टाटा प्ले लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हरित नागपाल ने बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। समारोह में आईआईएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या, आईआईएम रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, संकाय, कर्मचारी और आईआईएम के स्नातक विद्यार्थी उपस्थित थे।

******************

राजधानी रांची के करमटोली चौक के पास कल रात साढ़े नौ बजे एक तेज रफतार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दूसरे युवक की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार को अपने कब्जे में ले लिया।

******************

सरायकेला–टाटा मुख्य मार्ग पर चंद्रपुर एवं कोलेबिरा के बीच तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को सीधे टक्कर मारी, जिससे घटनास्थल पर ही टेंपो चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उग्र भीड़ ने सड़क पर नो एंट्री की मांग करते हुए जाम कर दिया।

******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी सिथत बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए आज से खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल तक चलनेवाले इस शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण–साई द्वारा किया जा रहा है।

******************

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। वहीं, कल खेले गये मैच में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। 1 सौ चौरासी रनों के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 19 ओवर और 1 गेंद में 4 विकेट पर 1 सौ नवासी रन बना लिए। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर ने नाबाद 100 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। संजू सैमसन ने भी बहुमूल्य उनहत्तर रन बनाये। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के लिए रीस टॉपले ने दो विकेट लिए, जबकि यश दयाल और मोहम्मद सिराज ने एक–एक विकेट लिया।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राजधानी रांची से छपने वाले लगभग सभी अखबारों ने आज बोकारो इस्पात सयंत्र में गैस रिसाव से मची अफरा तफरी की घटना को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा झारखंड वित्त विधयेक को चौथी बार लौटाने की खबर के साथ –साथ चुटूपालू घाटी में ट्रक के बेकाबू होकर अन्य वाहनों में टक्कर मारने की घटना को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर ने** अपनी सुर्खी बनाते हुए ईडी के हवाले से लिखा है– साहिबगंज में एक हजार करोड़ का अवैध खनन, पंकज सरगना।

**हिन्दुस्तान अखबार ने** अपने पहले पन्ने की शीर्षक बनाते हुए लिखा है–अर्जुन मुंडा पर हाई कोर्ट ने लगाया एक दशमलव दो पांच लाख हर्जाना।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है**–राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चौथी बार लौटाया झारखंड वित्त विधेयक।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–हॉर्स ट्रेडिंग मामले में क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट की मंजूरी, केस बंद करने का आदेश।

**रांची एक्सप्रेस का भाीर्शक है**–बीएसएल प्लांट में गैस रिसाव से मची अफरा–तफरी।

**हिन्दुस्तान टाइम्स ने अपनी सुर्खी** बनाते हुए लिखा हे–पश्चिम बंगाल में एनआईए टीम पर हमला।

और **टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है**–सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 तक बढ़ी।

*********समाप्त*************